प्रो० राज कुमार
कुलानुशासक
वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर -222003 (उ०प्र०)
Mob.: +91-7518200146

Prof. Raj Kumar
Chief Proctor
Veer Bahadur Singh Purvanchal University
Jaunpur-222003 (U.P.)
Email:procvbspu@gmail.com

पत्रांक: 45/PROC/2024 दिनांक:11/07/2024

सभी संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष एवं संयोजक (PUCAT-2024)

विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में प्रथम वर्ष में नव प्रवेशित सभी छात्र छात्राओं के पहचान पत्र (I-Card) आवेदन किये जाने के लिए कुलानुशासक कार्यालय द्वारा एक QR कोड तैयार कर दिया गया है | इस कोड को छात्र-छात्रा द्वारा स्कैन करने पर एक गूगल फॉर्म का लिंक प्राप्त हो जाएगा | आपसे अनुरोध है कि आप प्रवेश संयोजक को निर्देशित कर दें कि वह संबंधित छात्र-छात्रा से अपने समक्ष गूगल फॉर्म को भरवा कर ऑनलाइन सबमिट कर दे जिससे पहचान पत्र से संबंधित संपूर्ण सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय की ईमेल पर प्राप्त हो जाए | सभी छात्र-छात्राओं का यह डाटा कार्यालय को प्राप्त हो जाने से नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को पहचान पत्र समय से उपलब्ध कराया जा सकेगा | जब तक यह पहचान पत्र तैयार नहीं होता है उस समय तक के लिए छात्र-छात्राये अपनी प्रवेश पर्ची (एडमिशन स्लिप) पर अपना पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाते हुए उसे विभागाध्यक्ष द्वारा प्रमाणित करा कर अपने पास रखें | पहचान पत्र की जांच के समय मांगे जाने पर वह छात्र-छात्रा इस एडमिशन पर्ची को प्रस्तुत कर सकता है | सभी छात्र-छात्राओं को यह भी निर्देशित कर दें कि कुलानुशासक कार्यालय विश्वविद्यालय परिसर स्थित कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र में है | बहुत आवश्यकता होने पर ही कुलानुशासक को फोन किया जाए | अधोहस्ताक्षरी से कार्यालय में मिलने का समय दिन में 2:00-3:00 बजे के बीच है |
कार्यालय समय सुबह 10:00 से शाम 05:00 बजे तक है।

संलग्नक (1) QR Code की छायाप्रति |
(2) संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष एवं संयोजक (PUCAT-2024) के लिये प्राप्ति का विवरण |

11/07/2024

(प्रो० राज कुमार)

प्रतिलिपि:

1. **आशुलिपिक, कुलसचिव, कुलसचिव जी को सूचनार्थ |**
2. **व्यक्तिगत स०, मा०कुलपति जी , मा० कुलपति जी को सूचनार्थ |**
3. **वेबमास्टर, डॉ० संजीव गंगवार, इस आशय के साथ प्रेषित कि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड कर दें |**

(प्रो० राज कुमार)